महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा (महाराष्ट्र)
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अन्तर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**
(A Central University Established by Parliament by Act No.3 of 1997 )
नैक द्वारा 'A'ग्रेड प्राप्त

शंभू दत्त सती
**Shambhu Datt Sati**
अनुभाग अधिकारी
**Section Officer**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

दिनांक : 15/09/2022

<u>प्रकाशनार्थ</u>

## महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज में स्वच्छता श्रमदान और स्वच्छता संकल्प के साथ स्वच्छता पखवाड़े की संपूर्ति

प्रयागराज। 15 सितंबर। महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के मा. कुलपति आचार्य रजनीश कुमार शुक्ल के निर्देशन एवं क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज के अकादमिक निदेशक प्रो. अखिलेश कुमार दुबे के नेतृत्व में स्वच्छता श्रमदान और स्वच्छता संकल्प के साथ स्वच्छता पखवाड़े की संपूर्ति की गई गई।


स्वच्छता पखवाड़े के संपूर्ति सत्र की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय केंद्र, झूंसी, प्रयागराज के अकादमिक निदेशक प्रो. अखिलेश कुमार दुबे ने कहा कि- रचनात्मकता के निर्माण में स्वच्छ परिवेश की बड़ी भूमिका होती है। शरीर से कुछ नहीं होता है, मन से होता है जब मन पवित्र रहेगा तो बड़े से बड़े कार्य के लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी इसके उदाहरण हैं। गांधी जी ने सफाई के प्रति जो समाज को संदेश दिया उसकी महत्ता हमेशा प्रासंगिक रहेगी। प्रो. दुबे ने आगे कहा कि सफाई हमारा प्राथमिक कर्तव्य ही नहीं बल्कि हमारे जीवन का दायित्व भी है। जब हमारे घर और कार्यालय में साफ-सुथरा वातावरण होगा तभी हमारा काम करने में अच्छे से मन लगेगा।

संपूर्ति के अवसर पर केंद्र के अकादमिक निदेशक प्रो. अखिलेश कुमार दुबे ने पदस्थ स्वच्छताकर्मियों-रोहित कुमार, पीतांबर गौतम, अभिषेक, बिरजू प्रसाद एवं जगजीवन राम प्रजापति को गमछा देकर सम्मानित किया। इसके पूर्व केंद्र द्वारा मनाए गए स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत संपूर्ण कार्यक्रम का संक्षिप्त वीडियो जयेन्द्र जायसवाल द्वारा प्रदर्शित किया गया। संपूर्ति सत्र में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. आशा मिश्रा, डॉ. अख्तर आलम, डॉ. विजया सिंह, शंभू दत्त सती एवं पीतांबर गौतम ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलगीत से किया गया। इस संपूर्ति सत्र का सफल संचालन डॉ. सत्यवीर एवं आभार डॉ. हरप्रीत कौर ने किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कर्मचारी – सुभाष श्रीवास्तव, राहुल त्रिपाठी, रश्मि, प्रत्यूष शुक्ल, देवमूर्ति द्विवेदी एवं शोधार्थी उमेश शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

15-9-22
(शंभू दत्त सती)

**क्षेत्रीय केंद्र, प्रयागराज**
भूखण्ड संख्या-6/I-3 झूंसी योजना-3 प्रयागराज-211019, उ.प्र. भारत
फोन एवं फैक्स : 0532-2567442 ईमेल:mgahvalld@gmail.com वेबसाइट: hindivishwa.org





भारत संवाद
हिन्दी दैनिक
www.bharatsamvad.in
प्रयागराज/कौशाम्बी

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज में**

# स्वच्छता श्रमदान और स्वच्छता संकल्प के साथ स्वच्छता पखवाड़े की संपूर्ति

**भारत संवाद संवाददाता**

प्रयागराज। महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के मा. कुलपति आचार्य रजनीश कुमार शुक्ल के निर्देशन एवं क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज के अकादमिक निदेशक प्रो. अखिलेश कुमार दुबे के नेतृत्व में स्वच्छता श्रमदान और स्वच्छता संकल्प के साथ स्वच्छता पखवाड़े की संपूर्ति की गई गई ।स्वच्छता पखवाड़े के संपूर्ति सत्र की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय केंद्र, झूंसी, प्रयागराज के अकादमिक निदेशक प्रो. अखिलेश कुमार दुबे ने कहा कि- रचनात्मकता के निर्माण में स्वच्छ परिवेश की बड़ी भूमिका होती है। शरीर से कुछ नहीं होता है, मन से होता है



जब मन पवित्र रहेगा तो बड़े से बड़े कार्य के लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी इसके उदाहरण है। गांधी जी ने सफाई के प्रति जो समाज को संदेश दिया उसकी महत्ता हमेशा प्रासंगिक रहेगी। प्रो. दुबे ने आगे कहा कि सफाई हमारा प्राथमिक कर्तव्य ही नहीं बल्कि हमारे जीवन का दायित्व भी है। जब हमारे घर और कार्यालय में साफ-सुथरा वातावरण होगा तभी हमारा काम करने में अच्छे से मन लगेगा।संपूर्ति के अवसर पर केंद्र के अकादमिक निदेशक प्रो. अखिलेश कुमार दुबे ने पदस्थ स्वच्छताकर्मियों-रोहित कुमार, पीतांबर गौतम, अभिषेक, बिरजू प्रसाद एवं जगजीवन राम प्रजापति को गमछा देकर सम्मानित किया। इसके पूर्व केंद्र द्वारा मनाए गए स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत संपूर्ण कार्यक्रम का संक्षिप्त वीडियो जयेन्द्र जायसवाल द्वारा प्रदर्शित किया गया। संपूर्ति सत्र में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. आशा मिश्रा, डॉ. अख्तर आलम, डॉ. विजया सिंह, शंभू दत्त सती एवं पीतांबर गौतम ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलगीत से किया गया। इस संपूर्ति सत्र का सफल संचालन डॉ. सत्यवीर एवं आभार डॉ. हरप्रीत कौर ने किया।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कर्मचारी - सुभाष श्रीवास्तव, राहुल त्रिपाठी, रश्मि, प्रत्यूष शुक्ल, देवमूर्ति द्विवेदी एवं शोधार्थी उमेश शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

प्रयागराज, शुक्रवार 16 सितम्बर, 2022 | 3

## महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज में स्वच्छता श्रमदान और स्वच्छता संकल्प के साथ स्वच्छता पखवाड़े की संपूर्ति

प्रयागराज।महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के मा. कुलपति आचार्य रजनीश कुमार शुक्ल के निर्देशन एवं क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज के अकादमिक निदेशक प्रो. अखिलेश कुमार दुबे के नेतृत्व में स्वच्छता श्रमदान और स्वच्छता संकल्प के साथ स्वच्छता पखवाड़े की संपूर्ति की गई गई ।

स्वच्छता पखवाड़े के संपूर्ति सत्र की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय केंद्र, झूंसी, प्रयागराज के अकादमिक निदेशक प्रो. अखिलेश कुमार दुबे ने कहा कि- रचनात्मकता के निर्माण में स्वच्छ परिवेश की बड़ी भूमिका होती है। शरीर से कुछ नहीं होता है, मन से होता है जब मन पवित्र रहेगा तो बड़े से बड़े कार्य के लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी इसके उदाहरण हैं।

गांधी जी ने सफाई के प्रति जो समाज को संदेश दिया उसकी महत्ता हमेशा प्रासंगिक रहेगी। प्रो. दुबे ने आगे कहा कि सफाई हमारा प्राथमिक कर्तव्य ही नहीं बल्कि हमारे जीवन का दायित्व भी है। जब हमारे घर और कार्यालय में साफ-सुथरा वातावरण होगा तभी हमारा काम करने में अच्छे से मन लगेगा।



संपूर्ति के अवसर पर केंद्र के अकादमिक निदेशक प्रो. अखिलेश कुमार दुबे ने पदस्थ स्वच्छताकर्मियों-रोहित कुमार, पीतांबर गौतम, अभिषेक, बिरजू प्रसाद एवं जगजीवन राम प्रजापति को गमछा देकर सम्मानित किया। इसके पूर्व केंद्र द्वारा मनाए गए स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत संपूर्ण कार्यक्रम का संक्षिप्त वीडियो जयेन्द्र जायसवाल द्वारा प्रदर्शित किया गया। संपूर्ति सत्र में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. आशा मिश्रा, डॉ. अख्तर आलम, डॉ. विजया सिंह, शंभू दत्त सती एवं पीतांबर गौतम ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलगीत से किया गया। इस संपूर्ति सत्र का सफल संचालन डॉ. सत्यवीर एवं आभार डॉ. हरप्रीत कौर ने किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कर्मचारी - सुभाष श्रीवास्तव, राहुल त्रिपाठी, रश्मि, प्रत्यूष शुक्ल, देवमूर्ति द्विवेदी एवं शोधार्थी उमेश शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।